तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 22 नवंबर 2025

4
सभी उपार्जन केंद्रों में माइक्रो लेवल पर हो निरंतर निगरानी : प्रभारी सचिव





## खबर संक्षेप



### वन मंडल में धड़ल्ले से जारी है पेड़ों की कटाई

रायगढ़। धरमजयगढ़ वन मंडल में वन अधिकार पट्टा लेने के लिए ग्रामीण धड़ल्ले से जंगल की कटाई कर रहे हैं। इस बात की जानकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को होने के बाद भी किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बोरो रेंज के बलपेदा बीट में काफी एरिया में लगे पेड़ों को काट कर साफ कर दिया गया है। खास बात यह है कि इस बात की जानकारी होने के बाद भी बीट गार्ड या डीएफओ द्वारा इस ओर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण इसलिए जंगल को साफ कर रहे हैं ताकि उनको वन अधिकार का पट्टा मिल सके। लोहागेरा गांव के ग्रामीण वन अधिकार पट्टा पाने के चक्कर में जंगल को पूरी तरह साफ कर रहे हैं और वन विभाग के अधिकारी.कर्मचारियों द्वारा तमशा देखा जा रहा है। सूत्रों की माने तो जिस जंगल को ग्रामीणों द्वारा साफ किया जा रहा है वहां पहले से ही सैकड़ों एकड़ जगल को साफ कर खेत बना दिया गया है। जिसमें ग्रामीणों द्वारा फसल लगाया जा रहा है। फिर से इस जंगल में वही कहानी दोहराई जा रही है। बोरो रेंज के बलपेदा बीट में हुए जंगल कटाई के मामले में कुछ दिन पहले डीएफओ धरमजयगढ़ से बात करने पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करने की बात कही थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।

# तीन बार इंटरव्यू तक पहुंचे, छठवीं बार में मुकेश ने हासिल की 19वीं रैंक



**बेटे की सफलता पर परिवार सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल**

**बचपन से था सरकारी अफसर बनने का सपना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बचपन में देखे गए सपने अब साकार हुआ है। अब वनांचल का बेटा मुकेश अधिकारी बनेंगे और गांव की सेवा करेंगे। यह कोई फिल्म की कहानी नहीं बल्कि लैलूंगा ब्लॉक के झगरपुर निवासी मुकेश प्रधान द्वारा बपचन में देखे सपने की हकीकत है। आज जब छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा पीएससी 2024 के नतीजे जारी किए गए तो लैलूंगा ब्लॉक के झगरपुर गांव के मुकेश प्रधान ने 19वां रैंक हासिल किया। मुकेश की इस सफलता पर उनके परिवार सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल निर्मित हो गया। मुकेश ने बताया कि वे एक मध्यम वर्गीय परिवार से आते है। मुकेश प्रधान ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई पहली से लेकर 10वीं तक लैलूंगा के शिशु मंदिर से पूरी की है। वहीं 11 और 12वी की पढ़ाई धरमजयगढ़ के मिशन स्कूल से पूरी कर आगे की पढ़ाई के लिए बिलासपुर साइंस कॉलेज चले गए।

### बचपन में देखा था ख्वाब, अब हुआ साकार

मुकेश प्रधान ने बताया कि उन्होंने सरकारी अफसर बनने का सपना बचपन से ही देखा था जो कि आज साकार हो पाया है। मुकेश कॉलेज में पढ़ाई खत्म करने के बाद बिलासपुर से ही पीएससी की तैयारी में लग गए। जहां अथक परिश्रम के बाद उन्होंने सफलता हासिल की। मुकेश ने यह सफलता 6वें प्रयास में हासिल की। इसके पहले भी उन्होंने परीक्षा दी थी जिसमें तीन बार इंटरव्यू में जाने के बाद भी सफलता प्राप्त नहीं हो सकी थी।

### सफलता का श्रेय माता पिता एवं गुरुजनों को

मुकेश ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया। इसके साथ ही उन्होंने अपने स्कूल और कोचिंग के गुरुजनों को दिया। वहीं मेंस की परीक्षा पास करने के बाद इंटरव्यू के लिए उन्होंने रायगढ़ के सहयोग करियर अकादमी के संचालक अबरार हुसैन से मार्गदर्शन प्राप्त किया जिसके लिए उन्होंने उनको विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जिला और ब्लॉक स्तरीय ज्वाइंट टीम ने दबिश देकर किया जब्त

# 21 कोचियों ने 2 हजार क्विंटल अवैध धान का किया था भंडारण, फिर गया मंसूबे पर पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बोनस की लालच में अवैध धान डंप करने वाले कोचियों के मंसूबे पर पानी फिर गया है। 21 कोचियों ने 2 हजार 237 क्विंटल अवैध धान अपने-अपने गोदामों में भंडारण किया था, लेकिन अधिकारियों की टीम ने दबिश देकर जब्त कर लिया। इसमें 21 कोचियों के अलावा तीन अंतरराज्यीय वाहनों को भी पकड़ा है। इसमें 228 क्विंटल अवैध धान लोड था। उसे भी जब्त कर लिया गया।

धान खरीदी शुरु होने से पहले ही अवैध खपाने की तैयारी कोचियों ने कर लिया था। यह हर साल का खेल है, लेकिन इस बार खेला नहीं कर सके। हालांकि अभी खरीदी शुरु ही हुआ है। दो महीने से ज्यादा समय बाकी है। इस दौरान सैकड़ों क्विंटल अवैध धान खप जाएगा। जो भी हो शुरुआती दौर में अधिकारियों के संयुक्त टीम ने 21 कोचियों से 5594 बोरी याने 2 हजार 237 क्विंटल अवैध धान जब्त कर लिया है। इस धान को कोचियों ने अपने गोदामों में भंडारण करके रखा था। जहां दबिश देकर जब्त कर लिया गया। इसमें तीन अंतराज्यीय वाहन भी शामिल है जिसे बार्डर के चेक पोस्ट में पकड़ा गया है। इसमें करीब 228 क्विंटल अवैध धान लोड था। मंडी अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। अब इसकी सुनवाई कलेक्टर कोर्ट में होगी।



### एक ही दिन 11 जगहों पर दबिश

शुक्रवार को जिले के प्रभारी सचिव पहुंचे थे। इसे देखते हुए संयुक्त टीम द्वारा गुरुवार को एक ही दिन 11 जगहों पर दबिश देकर करीब 15 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। यह प्रभारी सचिव को दिखाने के लिए काफी था।

### किसानों को मिल रहा गांव चुनने का विकल्प

किसानों की सुविधा के लिए टोकन जारी करने में गांव चुनने का विकल्प दिया गया है। इसमे यदि किसी किसान का 03 गांव में धनहा रकबा है तो टोकन जारी करते समय किसान प्रति गाँव धान की मात्रा अनुसार टोकन जारी करा सकता है । इस विकल्प का लाभ उठाते हुए जिले के 452 किसानों अब तक 23 हजार 299.20 क्विंटल धान बिक्री किया है।

# फ्लाईऐश परिवहन के नाम पर 21 लाख की ठगी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

फ्लाइऐश परिवहन के नाम पर 21 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

कृष्णा विहार कॉलोनी के रहने वाले विनोद अग्रवाल 58 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वो उर्दना चौक में तिरुपति रोड कैरियर के नाम से ट्रांसपोर्ट कार्यालय का संचालन करते हैं। जहां से आसपास के क्षेत्रों में कोयला व फ्लाइऐश का परिवहन का काम किया जाता है। उसके नाम से 3 और उसके बेटे रजत और परख अग्रवाल के नाम से 15 ट्रेलर शिवान वेंचर प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर संचालित हैं। विनोद अग्रवाल का राजपूत इंटरप्राइज झारसुगड़ा के संचालक मंजय सिंह से व्यापारिक परिचय है। इसी क्रम में मंजय सिंह 16 दिसबंर 2024 को ढिमरापुर चौक स्थित इनके ऑफिस में आया और बताया कि उसे एनटीपीसी दर्रीपाली से पत्थलगांव तक के लिए फ्लाइऐश पाटने का ठेका रेफेक्स इंडस्ट्रीज से मिला है। ऐसे में 950 रुपए मिट्रिक टन के दर से भाड़ा तय करने के बाद 18 ट्रेलर वाहन को चालक के साथ दर्रीपाली ओड़शिा रवाना किया गया था। मंजय सिंह 29 दिसंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक विनोद अग्रवाल के सभी वाहनों से दर्रीपाली ओडिशा से पत्थलगांव तक नियमित फ्लाइऐश का परिवहन किया। जिसका कुल 45 भाड़ा पर्ची उसके कंपनी में जमा किया गया था। इसके आधार पर राजपूत इंटरप्राइजेस ने 21 लाख 9 हजार 927 रुपए का भाड़ा बनाकर दिया गया। ऐसे में वह भुगतान विनोद अग्रवाल के बैंक खाते के माध्यम से करने कहा गया, लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी मंजय सिंह रकम भुगतान करने में टालमटोल करता रहा। बाद में मंजय सिंह ने 22 अगस्त को स्वयं के झारसुगड़ा की आईडीबीआई बैंक शाखा से चेक से 10 लाख फिर 3 सितंबर को 9 लाख 18 हजार 732 रुपए और 1 लाख 91 हजार 194 रुपए का चेक दिया, जो बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने पर प्रार्थी को ठगी का एहसास हुआ और उसने पुलिस में इसकी शिकायत की। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व.श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व.श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्ते लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥
अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।

कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)

शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।
J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### सारंगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी नशे में धुत, लोगों से की अभद्रता



सारंगढ़। एक गंभीर मामला सारंगढ़ वन परिक्षेत्र से सामने आया है। यहां परिक्षेत्र अधिकारी सेवक राम बैगा को कार्यालय में नशे की हालत में फोन पर अश्लील व अभद्र गालियाँ देते हुए सुना गया। बताया जा रहा है कि नशे में धुत अधिकारी ने अपने अधीनस्थ कर्मचारी को भी धमकाया और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। जांच के दौरान कार्यालय परिसर से देशी शराब की खाली बोतलें व महुआ शराब की झिल्ली बरामद की गईं। जिससे कार्यालय समय में शराब का सेवन करने की पुष्टि होने की बात कही जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित कर्मचारियों ने वनमंडल अधिकारी, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को लिखित शिकायतकी है। डीएफओ ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवन दीप समिति साधारण समिति की बैठक

कोसीर। कोसीर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ आरएल सिदार खंड चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई और स्वच्छता को लेकर विशेष चर्चा हुई। वहीं जीवन दीप समिति की पर्ची काटने की बात हुई। स्वास्थ्य केंद्र में अहाता निर्माण को लेकर भी मांगे रखने की चर्चा हुई। स्वास्थ्य केंद्र में लगातार डाक्टरों की उपस्थिति से बहुत सुधार हुए हैं । वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईलाज के लिए मरीज पहुंच भी रहे हैं। एक दशक पहले बने बंद शौचालय को खुलवाकर देखा गया और निरीक्षण किया गया। कोसीर के सरपंच सुमन राव प्रतिनिधि राजेंद्र राव ने अपने यहां के व्यवस्था पर बात रखते हुए बोले यहां का प्रसव सुविधा अच्छा था। काफी संख्या में लोग यहां आते थे, लेकिन अभी व्यवस्था ठीक नहीं है और शाम को बंद करके चले जाते है। सरपंच ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की। बैठक में डॉ आरएल सिदार, डॉ टीपी पटेल, डॉ वसीम खान, कोसीर सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र राव, जीवन दीप के मनोनीत सदस्य डॉ जितेंद्र मिश्रा फार्मासिस्ट यशवंत निराला, स्वास्थ्य विभाग के संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कानफोडू शोरगुल नहीं होगी बर्दाश्त, पुलिस ने 200 मॉडिफाई साइलेंसर पर चलाया रोड रोलर

रायगढ़। अब शहर में कानफोडू शोरगुल बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगी। ट्रैफिक पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 200 मॉडिफाई साइलेंसर को जब्त कर उन पर रोड रोलर चलवा दिया है। जिससे अन्य वाहन चालकों के बीच हड़कंप मचा है। शहर में यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर चल रही सख्त मुहिम के बीच शुक्रवार को यातायात पुलिस ने मॉडिफाई साइलेंसरों पर की गई कार्रवाई का नष्टीकरण कार्यक्रम आयोजित किया। गत माह विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर उन बाइक चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई थीए जिन्होंने मानक साइलेंसर हटाकर तेज और कर्कश ध्वनि वाले मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाए। नियम उल्लंघन करने वालों से समन शुल्क वसूलते हुए उनके वाहनों में लगे गैर मानक साइलेंसर हटवाकर पुनः मानक साइलेंसर लगवाए गए थे। इसी कार्रवाई में जब्त किए गए करीब 200 मॉडिफाई साइलेंसरों को शुक्रवार को पुलिस सामुदायिक भवन के सामने सीसी रोड पर रोड रोलर चलवाकर नष्ट किया गया। इस वर्ष अब तक मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न प्रावधानों के तहत 35 हजार वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई है। जिससे लगभग 3.45 करोड़ रुपये समन शुल्क शासन के खाते में जमा कराया गया है।

### साउथ पॉइंट इंग्लिश स्कूल में वार्षिक उत्सव

जशपुरनगर। साउथ पॉइंट इंग्लिश स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़े हर्षोल्लास, गरिमा और सांस्कृतिक विविधता के साथ मनाया गया। इस वर्ष उत्सव का थीम विल पावर, कॉन्फिडेंस एंड क्रिएटिविटी रहा, जिसके अनुरूप विद्यार्थियों ने अपनी इच्छा शक्ति, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रेखा सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सुशीला देवी उपस्थित रहीं। विद्यालय के एमडी बीपी गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन किया गया। प्राचार्या श्रीमती अनीता गुप्ता ने सभी अतिथियों, अभिभावकों व विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया। उत्सव की शुरुआत परंपरानुसार दीप प्रज्वलन से हुई, जिसने ज्ञान, ऊर्जा और नए सत्र की शुभकामनाओं का संदेश दिया। इसके पश्चात मंच पर रंगारंग प्रस्तुतियों, प्रेरणादायक वक्तव्यों और विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। छात्रों द्वारा प्रस्तुत मोबाइल के दुष्प्रयोग पर आधारित नाटक ने दर्शकों को प्रभावित किया। तथा यह संदेश दिया कि बच्चों के लिए मोबाइल से दूरी और सकारात्मक गतिविधियों की ओर ध्यान देना कितना आवश्यक है।

## कई लोग घरों में कर रहे निजी उपयोग

# नपं चंद्रपुर में पार्षद निधि से खरीदी गई लोहे की बेंच हो गई गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंद्रपुर

नगर पंचायत चंद्रपुर में वार्डवासियों की सुविधा के लिए साल भर पहले पूर्व अध्यक्ष व पार्षद निधि से खरीदी गई लोहे की लंबी बेंच और कुर्सियां गायब हो गई हैं। नगर के सभी 15 वार्डों में रखी गई ये बेंचें आज ज्यादातर वार्डों से गायब होकर कुछ लोगों के घरों में उपयोग हो रहा है। इसके चलते आम नागरिकों में भारी नाराज़गी देखी जा रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले नगर पंचायत द्वारा प्रत्येक वार्ड में 4 से 5 लोहे की बेच रखवाई गई थी ताकि वार्डवासी सार्वजनिक स्थानों पर बैठ सकें, लेकिन समय बीतने के साथ कई बेंचें वार्डों से हटकर लोगों के घरों में पहुंच गईं। वर्तमान में ठिठुरन भरी ठंड पड़ रही है। ऐसे में लोग सड़कों एवं मोहल्लों पर अलाव तापते है, लेकिन बैठने के लिए बेंच नहीं होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर नगरवासियों में रोष व्याप्त है। नगरवासियों का कहना है कि जब सार्वजनिक सुविधा के लिए बेंच खरीदी गई थी तो उसे घरों में रखना गलत है।




### कुर्सी की व्यवस्था की जाएगी

इसकी सूचना मिली है। जिनके भी घरों में बेंच रखी हुई हैं, उन सभी को सार्वजनिक स्थानों पर रखा जाएगा। पीडीएस दुकानों में भी 1-1 कुर्सी की व्यवस्था की जाएगी।

-अनिल सोनवानी, सीएमओ चंद्रपुर

### बेंच की व्यवस्था करना चाहिए

नगर के सभी वार्डों में जितनी लोहे की कुर्सियाँ दी गई थीं, उतनी अब दिखाई नहीं दे रही हैं। सीएमओ को जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए। राशन दुकानों में भी बेंच की व्यवस्था करना चाहिए।

-दुर्गेश पिंटू यादव, पार्षद वार्ड क्रमांक 12

### राशन दुकानों में भी बैठने की सुविधा नहीं

नगर में संचालित दो सरकारी राशन दुकानों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। दोनों ही दुकानों में राशन वितरक भी भाड़े की कुर्सियों का उपयोग कर रहे हैं या तो अपने अपने घरों से बैठने के लिए कुर्सियां ले के आ रहे है। जबकि राशन लेने आने वाले बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब नगर पंचायत के पास लोहे की बेंचें उपलब्ध थीं तो प्रत्येक राशन दुकान में 2-2 बेंचें जरूर रखी जानी चाहिए थीं। जनता का आरोप है कि इस ओर न तो जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और न ही संबंधित विभाग। इस कारण बुजुर्गों एवं महिलाओं को घंटों खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है।



## तापमान में गिरावट पर लगा ब्रेक, हवा की दिशा दक्षिण पूर्व की ओर होने से ठंड से मिलेगी राहत

रायगढ़। उत्तर पश्चिम की शुष्क हवा से नवंबर के महीने में ही कड़ाके की ठंड शुरू हो चुकी है। तापमान का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शाम होते ही सड़के सुनी दिखाई देने लगती है।

इसी बीच बंगाल की खाड़ी में आ रही नमी के कारण तापमान की गिरावट पर ब्रेक लग गया है। हवा की दिशा दक्षिण पूर्व होने से चौबीस घंटे में ही न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई और शुक्रवार को शहर का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री तक पहुंच गयाए वहीं अधिकतम तापमान भी 30 डिग्री दर्ज की गई। हालांकि नमी के कारण मैदानी और पहाड़ी इलाकों में हल्के कोहरे के प्रभाव से सुबह हल्की धुंध छाई रही। अभी पिछले कुछ दिनों से शहर का न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री तक रह रहा था। बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इससे दक्षिण भारत में बारिश हो रही है। इसके अलावा एक और कम दाब का क्षेत्र विकसित हो रहा हैए जिससे 22 नवंबर को अवदाब में बदलने की उम्मीद है। इससे नमी की मात्रा दक्षिण छत्तीसगढ़ से आगे तक पहुंचेगी। अभी भी दक्षिण पूर्व की हवा होने से हल्के बादल छा रहे हैं।

## जमीन रजिस्ट्री में सर्वर की समस्या, नई गाइडलाइन अपडेट नहीं होने से भी लोगों को हो रही परेशानी

रायगढ़। शासन द्वारा जमीन के लिए नई गाइडलाइन गुरुवार से जारी की गई। अब पंजीयन कार्यालयों में इसी के हिसाब से ही जमीनों की खरीदी बिक्री होगी, लेकिन पंजीयन कार्यालयों के सिस्टम में अब तक नई गाइडलाइंस अपडेट नहीं होने की वजह से लोगों को पंजीयन कराने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंजीयन के कार्यों में आ रही दिक्कतों के कारण पक्षकारों को दिनभर इधर उधर भटकना पड़ा। ज्ञात है को शासन के द्वारा जमीनों के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई है।

- अचानक नई गाइडलाइन लागू होने की वजह से लोग हो रहे परेशान

जिसके अनुसार शहरी क्षेत्रों में 20 से 40 फीसदी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 50 से 400 प्रतिशत तक की वृद्धि को गई है। जिसकी वजह से पक्षकारों को अब पंजीयन के लिए पहले के मुकाबले दो से चार गुना तक अधिक स्टांप एवं पंजीयन शुल्क देना होगा । जमीन से जुड़े लोगों का कहना है कि पंजीयन शाखा में ऐसे भी हर वक्त सर्वर डाउन के वजह से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा था। वही पहले भी शासन के द्वारा रजिस्ट्री से जुड़ी नियमों में परिवर्तन किया जा चुका है। उसमें भी कई तरह की दिक्कतें थी। अभी तक इसमें सुधार नहीं हो सका है। अब फिर से नई गाइडलाइन जारी कर दी गई। जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ गई है।



### कुछ दिनों में हो जाएगा समाधान

सॉफ्टवेयर में नई दरे अपलोड नहीं होने की वजह से अभी मैनुअली ही स्टांप एवं पंजीयन शुल्क रिवाइज किया जा रहा है। पंजीयन कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि अगले कुछ दिनों में पोर्टल में आ रही दिक्कतों का समाधान कर लिया जायेगा उसके बाद पंजीयन कार्य सुचारू रूप से चलते रहेंगे।

## शराब केस में 9 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

जशपुरनगर। ऑपरेशन अंकुश के तहत जशपुर पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में 9 माह से फरार चल रहे आरोपी ईजराइल खान को पकड़ लिया। फरवरी 2025 में आबकारी एक्ट के केस में फरार हुआ आरोपी लगातार लोकेशन बदलकर बचने की कोशिश कर रहा था, लेकिन तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे जशपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना आस्ता की पुलिस 22 फरवरी 2025 की रात रुटीन गश्त पर थी। हरकपुर चौक के पास जशपुर की ओर से आ रही सफेद पिकअप को रोका गया। वाहन में तीन लोग थे करामत शाह उम्र 45 वर्ष, जमीर खान उम्र 32 वर्ष और ईजराइल खान उम्र 35वर्ष, निवासी साईं टांगर टोली लोदाम, जशपुर।तलाशी में 17 लीटर देसी कच्ची महुआ शराब मिली।पुलिस ने मौके से करामत शाह और जमीर खान को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन ईजराइल खान वाहन को साइड में लगाने के बहाने पिकअप लेकर फरार हो गया।

## मोदी के नेतृत्व में देश और साय के नेतृत्व में प्रदेश के बदलाव की बयार : राहुल

रायगढ़। मोदी के नेतृत्व में भारत और विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। उक्त बाते आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलन के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि प्रथम बार भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष बनकर आए राहुल ने जिला भाजपा कार्यालय में कही।

जिला भाजपाध्यक्ष अरुण धर दीवान ने भी कहा शरीर के संचालन में जो भूमिका रीढ़ की होती है वही भूमिका भाजपा के संगठन में भाजयुमो की होती है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद राहुल टिकरीहा के प्रथम नगर आगमन पर जिला भाजयुमो अध्यक्ष विनायक पटनायक की अगुवाई में भाजयुमो के कार्यकताओं में स्वागत किया। सड़क मार्ग से रायपुर से रायगढ़ आए जहां अटल चौक में भाजयुमो के जिला पदाधिकारी एवं भाजपा संगठन से हुए कार्यकताओं ने आतिशबाजी करते हुए भव्य स्वागत कर प्रदेश अध्यक्ष को फूल मालाओं से लाद दिया। प्रदेश अध्यक्ष का काफिला जैसे ही आगे बढ़ा कबीर चौक में मंडल अध्यक्ष शैलेश सिंह 'प्रशांत सिंह' शिव काशी की अगुवाई में ऐतिहासिक स्वागत किया गया। स्वागत की इस कड़ी में कायाघाट चौपाटी में राम जाने भारद्वाज नरेंद्र ठेठवार' की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जितेन्द्र निषाद, दिलराज सिंह, सुजीत लहरे, बंटी सिंह, की मौजूदगी रही। कायाघाट में बनाए गए मंच पर नारेबाजी के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। वाहनों के काफिले के साथ युवा साथी प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरीहा और सुमीत शर्मा को कंधे में बैठाकर पुराने शनि मंदिर समीप निर्मित मंच पर ले गए। स्वागत के दौरान महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री साहू, वरिष्ठ पार्षद सुरेश गोयल, एमआईसी सदस्य अमित शर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष पार्षद महिला नेत्री पूनम सोलंकी, महामंत्री विकास केडिया पार्षद नेहा देवांगन, पार्षद कुंदन देहरी, पार्षद त्रिनिशा चौहान जिला भाजपा उपाध्यक्ष विलिस गुप्ता, सनत नायक, मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल का जोशीला स्वागत किया।



## सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया दम




चंद्रपुर। नगर से लगे डभरा ब्लॉक के रामभांठा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, चंद्रपुर के 15 से 21 वर्ष आयु वर्ग के बालकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खो.खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन अब जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के लिए किया गया है। इस उपलब्धि से पूरे चंद्रपुर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और खिलाड़ियों ने नगर का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, गति, तकनीक एवं खेल कौशल का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने टीम की फिटनेस, खेल भावना और रणनीति की विशेष सराहना की। टीम की इस सफलता में स्कूल के कोच शोभा कुमार आनंद का मार्गदर्शन और प्राचार्य नागेंद्र पटेल का प्रोत्साहन महत्वपूर्ण रहा। दोनों लगातार बच्चों को उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण और मानसिक प्रेरणा प्रदान करते रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए जिला स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा व्यक्त की है।

## दूसरे चरण में 6 रेत खदानों की नीलामी औराभांठा के लिए आए 180 आवेदन

रायगढ़। 21 नवंबर को माइनिंग विभाग ने जिले के 6 रेत खदानों की नीलामी की। इसके लिए 410 आवेदन ऑनलाइन जमा हुए थे। इसकी जांच करने के बाद नीलामी की गई। हालांकि प्रभारी सचिव की बैठक होने की वजह से देर रात तक नीलामी की प्रक्रिया चलती रही। देर रात तक किस ठेकेदार को कौन खदान मिली इसकी जानकारी नहीं मिल पाई थी।

दूसरे चरण में 6 रेत खदानों की नीलामी की गई। इसमें रायगढ़ तहसील के तहत आने वाले औराभांठा और सहसपुरी शामिल है। औराभांठा के लिए सबसे ज्यादा 180 आवेदन जमा हुए थे। वहीं सबसे कम छाल के रीलो खदान के लिए केवल 17 आवेदन ही जमा हुआ था। दर्रामुड़ा खरसिया के लिए 64 आवेदन जमा हुआ था। इसी तरह छाल के जोगड़ा के लिए 25, घरघोड़ा के कारीछापर के लिए 64 और रायगढ़ के सहजपुरी के लिए 60आवेदन जमा हुआ था। इसमें जो डाक्यूमेंट जमा किया गया था उसकी जांच करने के बाद नीलामी की प्रक्रिया शुरु की गई। चूंकि जिस दिन नीलामी होती है उसी दिन ऑक्शन का सिस्टम खुलता है। इसके कारण पहले से कोई भी दस्तावेज की न तो जांच कर सकते हैं और न ही अपलोड कर सकते हैं। इसके पहले की गई पांच रेत खदानों की नीलामी के बाद एक खदान की नीलामी तकनीकी कारणों से निरस्त कर दी गई है। अब उसके लिए नीलामी की प्रक्रिया की जाएगी। विभाग की ओर से इसके लिए अलग से तारीख तय की जाएगी।

### ठेकेदार के प्रतिनिधि लेते रहे टोह

इसमें भी सिंडीकेट जेसै ही खेल चल रहा है। ठेकेदारों ने अपने अपने लोगों के नाम पर आवेदन जमा किया है। इसमें किसी को भी मिला तो नुकसान नहीं होगा। एक ठेकेदार पांच सात लोगों के नाम पर आवेदन किया है। पहले चरण में तो अधिकांश रेत खदानें बिलासपुर के ठेकेदार को मिला है।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर राउरकेला में निकाली गई एकता पदयात्रा

राउरकेला। 21 नवंबर की सुबह नौ बजे डी आई जी बृजेश राय मुख्य अतिथि व भाजपा की जिला अध्यक्ष पूर्णिमा केरकेटा सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थी। इन्होने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए देश की एकता व आखंडता में इनके योगदान को अतुलनीय बताया। इन्होने कहा की आज भी इनके आदर्श व नीति राष्ट्रहित में प्रासंगिक है। प्रशासन की ओर से डिप्टी कलेक्टर निवेदिता प्रधान, तहसीलदार सलमा माझी उपस्थित रहे। जबकि क्रीड़ा विभाग के उप निदेशक सुदीपत नायक समेत अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान दिया।मंच संचालन खेल विभाग की सौम्या सूचरिता दाश ने किया। अटल उद्यान से बिसरा चौक तक की साढ़े चार किलोमीटर की एकता पदयात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओ के साथ स्कूल व कॉलेज के बच्चो ने हिस्सा लिया। समापन पर बच्चो के बीच आयोजित पोस्टरएनिबंध व अन्य प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वालो को पुरस्कृत किया गया।

## एग्रीस्टेक पोर्टल के नाम पर किसानों को हो रही परेशानी

सरसीवां। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने एग्रीस्टेक पोर्टल में वारिसान धान पंजीयन का कोई ऑप्शन नहीं होने से नाराजगी जाहिर करते हुए इस मामले पर राज्य सरकार को कार्रवाई करते हुए निराकरण करने की मांग की है। टंडन ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के एक एक दाना धान खरीदने का वादा किया था अब जब धान खरीदने का समय आ रहा है तो आनाकानी कर रही है। धान विक्रय की प्रक्रिया को कठिन बनाया जा रहा है, इससे साबित हो रही है कि डबल इंजन की सरकार नहीं चाहती कि किसानों का धान बिके। इसके लिए हर साल पंजीयन अनिवार्य को बेतुका बताते हुए किसानों के धान विक्रय के नियम को सरल बनाए जाने की मांग की ताकि सभी किसानों के धान बिक्री हो सके।

- बसपा प्रदेश अध्यक्ष की मांग, सभी किसानों का हो धान बक्री

उन्होंने कहा कि जब से राज्य सरकार ने किसानों के धान विक्रय के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल लॉन्च किया है तब से किसान तहसील कार्यालय से समिति केंद्र के चक्कर काट रहे हैं फिर भी पंजीयन नहीं हो रहा है। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में वारिसान धान पंजीयन व अन्य के करीब 5 लाख प्रकरण है जिनका पोर्टल में सूचीबद्ध नहीं हुआ है इसके कारण ये किसान धान विक्रय से वंचित हो जाएंगे। इन मामलों को राज्य सरकार गंभीरता से लें और पूरे प्रदेश के जिला प्रशासन को अलग से निर्देश दें कि तहसीलदार ऐसे मामलों की सूची बनाकर सोसायटियों में कैरी फॉरवर्ड करें ताकि इस प्रकरण के किसानों के भी धान बिक सकेंगे।

## फर्जी दस्तावेज से अनुकंपा नियुक्ति के आरोप में सेवा समाप्त

जशपुरनगर। अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया के दौरान तथ्यों को छिपा कर गलत शपथ पत्र के बूते सहायक ग्रेड तीन की नौकरी प्राप्त करने वाले के विरूद्व कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा कार्यालय ने सेवा समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही डीईओ ने संबंधित से वेतन व भत्ते की वसूली करने का निर्देश भी दिया है। मामला जिले के मनोरा ब्लाक के पूर्व माध्यमिक शाला सोगड़ा के प्रधान पाठक राजेश एक्का का 8 मई 2021 को निधन हो गया था। मामले में मनोरा के तात्कालिन बीईओ की अनुशंसा पर मृतक प्रधान पाठक राजेश एक्का के पुत्र नवनीत एक्का को दुलदुला ब्लाक के पतराटोली के हाई स्कूल में सहायक ग्रेड़ 3 के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी। इस अनुकंपा नियुक्ति में गड़बड़ी की शिकायत जशपुर के संजीत कुमार ने डीईओ पीके भटनागर से करते हुए मामले की जांच व कार्रवाई की मांग की थी। जांच समिति द्वारा प्रस्तुत किये गए प्रतिवेदन से स्पष्ट हुआ कि नवनीत एक्का की दो बहनें और एक भाई अनुकंपा नियुक्ति मिलने से पहले से ही शासकीय सेवा में है। अनुकंपा नियुक्ति के दौरान नवनीत एक्का ने परिवार से अलग रहने और अलग राशन कार्ड होने का दावा करते हुए दस्तावेज प्रस्तुत किया था। इस नियुक्ति प्रक्रिया को नियम 6 (अ) का उल्घंन मानते हुए जिला शिक्षा कार्यालय ने अनुकंपा नियुक्ति के शर्त कंडिका 6 के आधार पर कार्रवाई करते हुए सहायक ग्रेड 3 नवनीत एक्का की नियुक्ति निरस्त कर दी है।




## सर्जन्स मीट में डॉ. शर्मा को मिला यंग अचीवर्स अवॉर्ड

रायगढ़। कानपुर में आयोजित उत्तर प्रदेश सर्जन्स एसोसिएशन मीट 2025 इस वर्ष एक विशेष उपलब्धि का साक्षी बने जहाँ डॉ. राज कृष्ण शर्मा को सामान्य एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए यंग अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनके उत्कृष्ट कार्यों का प्रमाण हैए बल्कि उनके अथक परिश्रम और समाजसेवा की भावना का भी प्रतीक है।

कार्यक्रम जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के अलुमनी मीट के साथ आयोजित किया गयाए जहाँ देशभर से वरिष्ठ एवं युवा सर्जन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि डॉ. शर्मा ने इसी प्रतिष्ठित जीएसवीएम मेडिकल कॉलेजए कानपुर से एमएस जनरल सर्जरी की डिग्री प्राप्त की थी। विशेष बात यह है कि उन्होंने ऑल इंडिया एंट्रेंस एग्जाम में प्रथम प्रयास में चयन पाकर अपनी प्रतिभा और लगन का परिचय पहले ही दे दिया था। डॉ. राज कृष्ण शर्मा पिछले कई वर्षों से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ शहर में सक्रिय रूप से सेवा दे रहे हैं। उन्होंने वहाँ न केवल उन्नत और आधुनिक सर्जिकल तकनीकों को शुरू कियाए बल्कि अनेक युवा चिकित्सकों को इन नई प्रक्रियाओं में प्रशिक्षित भी किया। शहर में उन्नत सर्जिकल सुविधाओं की कमी को देखते हुए उन्होंने इसे अपना कर्तव्य समझते हुए नई तकनीकों को सरल और सुलभ बनाया। उनके प्रयासों से आज रायगढ़ में कई जटिल सर्जिकल प्रक्रियाएँ सफलतापूर्वक की जा रही हैं। वर्तमान में डॉ. शर्मा अपना 100.बेड का आधुनिक अस्पताल राजप्रिय हास्पिटल संचालित कर रहे हैं, जहाँ अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के साथ वे हर वर्ग के रोगियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान कर रहे हैं। उनकी प्राथमिकता हमेशा से यह रही है कि प्रत्येक मरीज को बिना किसी आर्थिक दबाव के सर्वश्रेष्ठ उपचार मिले। डॉ. राज कृष्ण शर्मा की सफलता कहानी इसलिए भी प्रेरणादायी है क्योंकि वे एक बेहद साधारण और विनम्र पारिवारिक पृष्ठभूमि से आते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनतए अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर चिकित्सा क्षेत्र में उच्च स्थान बनाया। समाज के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवाए मरीजों के प्रति करुणा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए हमेशा उपलब्ध रहने की उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें समाज में विशिष्ट पहचान दिलाई है। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ सर्जनों ने डॉ. शर्मा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवा चिकित्सक चिकित्सा जगत का भविष्य सुरक्षित करते हैं। वहीं डॉ. शर्मा ने सम्मान प्राप्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि समाज और चिकित्सा क्षेत्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को और बढ़ाने वाला प्रेरणास्त्रोत है। निस्संदेह डॉ. राज कृष्ण शर्मा की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और चिकित्सा जगत में उनके योगदान को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाएगा।



## खबर संक्षेप

### जिले में एसआईआर कार्य 97.85 प्रतिशत पूर्ण

**रायगढ़।** जिले में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य एसआईआर जारी है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा ने बताया कि जिले में मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण का कार्य 97.85 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। अब मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना पत्रक एकीकरण, संकलन एवं डिजीटाईजेशन का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी

**रायगढ़।** 20 नवम्बर को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के तहत जिले के 86 हजार 577 किसानों के खाते में 17.30 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष नें किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की जानकारी द। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बी एस राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ.साथ कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान कर रही है। उन्होने किसानों को प्राकृतिक खेती एवं रबी फसलों में गेंहू व सरसों की उन्नत तकनीक की जानकारी दी।

### तहसीलदार ने किया धान केंद्र कोसीर का निरीक्षण

**कोसीर।** कोसीर धान उपार्जन केंद्र में तहसीलदार शनि पैकरा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान धान में नमी, आवश्यक साफ सफाई एवं हमालों को सही तौल करने का निर्देश दिया। वहां मौजूद किसानों से धान साफ सफाई के साथ उपार्जन केंद्र में लाने की बात कही। धान फड़ में जांच के समय रमेश सिंघनपुर 55 कट्टा, राजेश्वरी 105 कट्टा, मालिकराम कोसीर 40 कट्टा को आवश्यक सफाई करने पश्चात ही खरीदी करने का निर्देश समिति को दिया गया। उक्त धान के संबंध में पंचनामा बनाया गया। मौका स्थल पर नोडल अधिकारी कृष्णकुमार साहू, आनंदराम सिदार, फड़प्रभारी हमाल मुकर्रदम समेत अन्य किसान मौजूद थे।

### खरसिया तहसील में हो रहे कार्यो का किया निरीक्षण

**रायगढ़।** अधिकिरयों ने खरसिया तहसील में चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पता चला कि पूरे जिले में खरसिया तहसील सर्वाधिक सक्रिय और अग्रणी है। यहां कुल निर्धारित कार्यों में करीब 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। यह अन्य क्षेत्रों की तुलना में प्रशंसनीय उपलब्धि है। इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार मोनल साय तथा काजल अग्रवाल उपस्थित रहे। इन अधिकारियों ने अपनी टीम के साथ समन्वय, तत्परता और मेहनत से काम करते हुए अभियान को गति दी है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पासवर्ड या किसी भी प्रकार की निजी जानकारी किसी को भी साझा न करें। सभी प्रकार के प्रपत्र व दस्तावेज़ केवल अधिकृत माध्यमों से ही भरें और जमा करें। किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें। खरसिया तहसील की प्रगति पूरे जिले के लिए एक आदर्श उदाहरण के रूप सामने आई है।

### बंडामुंडा पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को दबोचा

**राउरकेला।** बंडामुंडा पुलिस ने एक बड़ी साजिश पर समय रहते कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बना रहे चार बदमाशों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बंडामुंडा ए.सेक्टर निवासी उमेश तांती उर्फ नागिन 32, राउरकेला मालगोदाम सरदार बस्ती निवासी आकाश राय 35, सेक्टर.21 भवानी बस्ती निवासी अजय आंचल 36 और बंडामुंडा बी.सेक्टर निवासी धर्मेंद्र शर्मा उर्फ धरु 33 के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार बुधवार देर रात चारों आरोपी बंडामुंडा स्थित एक ज्वेलरी दुकान में डकैती की योजना बना रहे थे। इस दौरान गश्त पर निकली पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने संदिग्ध हालात में बैठी इस टोली को देखा और तलाशी के दौरान उनके मंसूबों का खुलासा हुआ। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने मौके पर ही सभी को गिरफ्तार कर लिया।

## जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण, कोचियों पर कड़ी निगरानी का निर्देश

# सभी उपार्जन केंद्रों में माइक्रो लेवल पर हो निरंतर निगरानी : प्रभारी सचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले के प्रभारी सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभागए रेल परियोजनाएं एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव रजत कुमार ने जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने खरीदी व्यवस्था, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं धान के सुरक्षित भंडारण की स्थिति की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने सर्वप्रथम धान उपार्जन केंद्र कोड़ातराई का दौरा किया। उन्होंने साफ-सफाई, बारदाना उपलब्धता, पेयजल, फेंसिंग, सीसीटीवी कैमरे, ड्रेनेज सिस्टम, नमीमापक यंत्र, तौल कांटा, छाया व्यवस्था तथा अब तक की कुल खरीदी की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुखा, स्वच्छ एवं एफएक्यू क्वालिटी का धान ही खरीदा जाए। किसानों को धान विक्रय प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। प्रभारी सचिव ने कहा कि सभी चेकपोस्टों पर सख्त निगरानी रखी जाए एवं किसानों का शत.प्रतिशत धान खरीदा जाए। उन्होंने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा बाहरी धान को जिले में प्रवेश से पहले ही रोकने के पुख्ता इंतजाम हों। उन्होंने अधिकारियों को माइक्रो लेवल मॉनिटरिंग नियमित फील्ड विजिट और निगरानी करने के निर्देश दिए।

### घरघोड़ा और जरेकेला उपार्जन केंद्र भी पहुंचे

प्रभारी सचिव ने धान खरीदी केंद्र घरघोड़ा और जरेकेला में पंजीकृत किसानों की संख्या, लक्ष्य, रकबा, बारदाना उपलब्धता और इंटरस्टेट धान की रोकथाम की जानकारी ली। उन्होंने समिति एवं प्रशासनिक टीम को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केवल पंजीकृत किसान अथवा उनके नॉमिनी से ही की जाए तथा भुगतान समय पर किया जाए। उन्होंने डिजिटल एवं पारदर्शी खरीदी के भी निर्देश दिए।

### किसानों से की वन टू वन चर्चा

प्रभारी सचिव ने धान उपार्जन केंद्र तरकेला में किसानों से वन टू वन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पिछले वर्ष की खरीदी, पंजीकृत किसानों की संख्या, बारदाना उपलब्धता, टोकन प्रणाली, ड्रेनेज व्यवस्था एवं तौल कांटा की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाए। छोटे किसानों को 2 तथा बड़े किसानों को 3 टोकन दिए जाएं। इस दौरान किसानों ने बताया कि उपार्जन केंद्र में अच्छी व्यवस्था है।

## खरसिया में 128 कट्टा अवैध धान जब्त मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरसिया

बुधवार को खरसिया अनुविभाग अंतर्गत 128 कट्टा अवैध धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई एसडीएम प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में राजस्व एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा की गई। एसडीएम ने बताया कि संयुक्त दल द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान ग्राम काफरमार में वरुण तिवारी के पास 58 कट्टा और ग्राम केवाली में गुहा दास महंत के पास 70 कट्टा अवैध धान भंडारित था। दोनों स्थानों से कुल 128 कट्टा धान जब्त कर नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में शासन के निर्देशों का पालन करते हुए अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। अनुविभागीय स्तर पर गठित टीमें लगातार निरीक्षण कर रही हैं। अवैध धान भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मण्डी सचिव प्रशांत कुलमित्र, खाद्य निरीक्षक बनमाली यादव और मण्डी उप निरीक्षक मौजूद रहे।

## प्रभारी सचिव ने स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा घरघोड़ा स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार प्रदेश में नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में जिले के प्रभारी सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग, रेल परियोजनाएं एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव रजत कुमार ने आज जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में प्रदान की जा रही चिकित्सा सेवाओं, उपलब्ध संसाधनों एवं उपचार प्रक्रियाओं का विस्तृत मूल्यांकन किया तथा स्वास्थ्य केंद्र को उत्कृष्ट एवं मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने अस्पताल के पैथोलॉजी लैब, विभिन्न टेस्टिंग व्यवस्थाओं, एएनसी जांच, टीबी एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग, ओपीडी सेवाएं, लेबर रूम, दवाइयों की उपलब्धता, बेड की स्थिति, ड्यूटी चार्ट, पोर्टल में दवा एंट्री, स्टोर रूम प्रबंधन, एंबुलेंस संचालन, पुरुष एवं महिला वार्ड, नर्सिंग स्टेशन तथा इमरजेंसी यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने डायबिटीज, हाइपरटेंशन, ब्लड सैंपल परीक्षण सहित सभी महत्वपूर्ण जांच सेवाओं को समयब, गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवस्थित बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। प्रभारी सचिव ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा को उत्कृष्ट मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित किया जाए। अस्पताल में 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाए एंबुलेंस सेवाए स्वच्छता और भोजन की व्यवस्था पूर्णतः मानक के अनुरूप सुनिश्चित हो। उन्होंने टेलीमेडिसिन सुविधा को आम जनता तक अधिकतम लाभ पहुंचाने, जनरेटर बैकअप एवं इमरजेंसी यूनिट को पूरी तरह फंक्शनल रखने तथा सेवाओं में तकनीकी सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम घरघोड़ा एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करें, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करें और अस्पताल में उपलब्ध सभी संसाधनों का अधिकतम प्रभावी उपयोग हो।

## शाला विकास समिति और ग्रामीणों ने स्कूल को दिया स्मार्ट एलईडी



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा शाला विकास प्रबंधन समिति तथा ग्रामवासियों द्वारा प्राथमिक शाला केराखोल को कंपीटिशन परीक्षा की तैयारी तथा ऑनलाइन एजुकेशन के लिए 43 इंच का स्मार्ट एलईडी दिया गया। प्रधान पाठक चन्द्र मणी चौहान ने बताया कि ग्राम वासी केरा खोल एवं शाला विकास समिति के संयुक्त पहल से विद्यालय के छात्र छात्राओं के शिक्षा स्तर को आगे बढ़ाने के लिए तथा बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से सहयोग राशि दे कर 43 इंच एलईडी खरीद कर विद्यालय को दिया है।

## बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की दिशा में सारंगढ़ ने बढ़ाया महत्वपूर्ण कदम




**कोसीर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने की दिशा में जिला स्तर पर विशेष उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय सारंगढ़-बिलाईगढ़ में किया गया। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षाविद एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर संजय कन्नौजे ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के जीवन में अधूरा बचपन शिक्षा का छूट जाना और भविष्य की अनेक समस्याओं की जड़ है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकथाम केवल सरकारी कार्य नहीं, बल्कि यह समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति को यह ठानना होगा कि अपने आसपास किसी भी परिस्थिति में बाल विवाह न होने दें। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि वे जमीनी स्तर पर जनजागरूकता को बढ़ाएं और सभी ग्राम पंचायतों एवं वार्डों में सक्रिय समूह बनाकर इस कुरीति के विरुद्ध अभियान को तेज़ करें। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा ने अपने वक्तव्य में बताया कि बाल विवाह न केवल एक अवैध कृत्य है बल्कि एक बालिका के शारीरिक मानसिक और सामाजिक विकास पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षाए सुरक्षा और सम्मान देना सभी का कर्तव्य है। यदि परिवार और समाज उचित उम्र तक विवाह की अनुमति देते हैं तो बालिकाएं अपने जीवन में आगे बढ़कर नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम में अधिवक्ता अनुरोध कुमार पटेल ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 और अन्य कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह होने से पहले ही सूचना देकर रोकने वालों को कानून सुरक्षा प्रदान करता है तथा इसके आयोजन या सहयोग करने वालों के विरुद्ध सख्त दंड प्रावधानित है।

## नगरवासियों ने की मुख्य मार्ग में गति नियंत्रण की मांग, दुर्घटनाओं से है रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंद्रपुर



नगर के मुख्य मार्ग पर लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं और अनियंत्रित यातायात को देखते हुए नगरवासियों ने थाना प्रभारी गगन बाजपेई को ज्ञापन सौंपकर गति सीमा निर्धारित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 153 पर बसे चंद्रपुर में दिनोंदिन भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ती जा रही है, जिससे सड़क हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि नगर के पास एक बड़ा औद्योगिक प्लांट संचालित है और आसपास भी कई उद्योग हैं, जिसके चलते चौबीसों घंटे भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहन संचालन के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। लोगों ने यह भी बताया कि प्रतिदिन किसी न किसी गौवंश की सड़क पर ही मौत हो रही है, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। चंद्रपुर में माँ चंद्रहासिनी देवी का प्रसिद्ध मंदिर है एवं आसपास के 10-15 किलोमीटर के ग्रामीण अंचलों के छात्रों के लिए यह नगर मुख्य शिक्षा केंद्र होने के कारण यहां पैदल आवाजाही भी अधिक रहती है। बच्चों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर भी यातायात नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। नगरवासियों ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। जनदृसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नागरिकों ने थाना प्रभारी से माँग की है कि मांड पुल से लेकर लात नाला तक गति सीमा 30 किमी घंटा निर्धारित की जाए। साथ ही इस पूरे मार्ग पर बैरिकेट्स, गति अवरोधक स्पीड ब्रेकर तथा आवश्यक चेतावनी संकेत लगाए जाएं ताकि दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की गति नियंत्रित रहे।

## एनटीपीसी दर्लीपाली विस्तार पर विवाद के बीच ग्रामसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुंदरगढ.



एनटीपीसी दर्लीपाली परियोजना में 800 मेगावॉट की अतिरिक्त यूनिट 1×800 एमडब्लू स्थापित करने के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के तहत दर्लीपाली ग्राम पंचायत में ग्रामसभा आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लेफ्रीपड़ा प्रखंड बीडीओ अतसी परिड़ा और दर्लीपालि सरपंच नलिनी कुमूरा ने की। बैठक में भूमि अधिग्रहण विभाग के अधिकारीए एनटीपीसी प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। सुन्दरगढ़ जिला अनुसूचित क्षेत्र होने से यह ग्रामसभा पेसा कानून के प्रावधानों के तहत आयोजित बताई गई। लेकिन आलुपड़ा और बरौभगार के ग्रामीणों ने तीखा विरोध किया।

उनका आरोप है कि परियोजना शुरू होने से अब तक गर्म धुएं व फ्लाई ऐश से वे गंभीर रूप से प्रभावित हैं और वर्षों से विस्थापन की मांग कर रहे हैं, पर न प्रशासन और न ही एनटीपीसी उनकी बात सुन रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 10 नवंबर को लेफ्रीपड़ा ब्लॉक में आयोजित शिकायत सुनवाई के दौरान वे जिलापाल से मिलने पहुंचे पर उन्होंने अनदेखा कर दिया जबकि उपजिलापाल ने ग्रामसभा में उपस्थित होकर समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन वे भी नहीं पहुंचे। ग्रामसभा के दौरान आरोप लगा कि सरपंच नलिनी कुमूरा ने ग्रामीणों की बात सुने बिना बैठक से उठकर चली गईं और पंचायत कार्यालय में ताला लगवा दिया। इससे नाराज ग्रामीणों ने उनके रवैये की निंदा करते हुए सवाल उठाया कि वे श्कंपनी की प्रतिनिधि हैं या पंचायत की। साथ ही प्रभावित गांवों के लोगों को बोलने का अवसर न देने का भी आरोप लगाया गया। बैठक में परियोजना प्राधिकरणों ने विस्तार परियोजना और भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव पर विस्तृत जानकारी दी। दर्लीपालि के कई ग्रामीणों ने एनटीपीसी से सी एस आर के तहत और अधिक विकास कार्य करने की मांग रखीए जिस पर अधिकारियों ने दर्लीपालि व आसपास के गांवों में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए भविष्य में भी निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। हालांकि ग्रामसभा में अधिकांश ग्रामीणों ने बैठक रद्द करने की मांग की।

■ दो प्रभावित गांवों के लोगों ने किया विरोध

## जागरूक करने दीवारों पर लिखे जा रहे नारे

# बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़




जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले को 31 मार्च 2029 से पूर्व पूर्णतः बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है।

इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों एवं बाल विवाह मुक्त छग अभियान के लक्ष्यों को विस्तार से बताया गया है। साथ ही बाल विवाह रोकने और इसे समाप्त करने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, जिला बाल संरक्षण ईकाई के कर्मचारी एवं चाइल्ड हेल्प लाइन के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए आंगनबाडी कार्यकर्ता, मिशन शक्ति, चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 के टीम द्वारा जन समुदाय के मध्यए स्कूलों, विभागीय बैठकों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जागस्कता लाने के उद्देश्य से नारा लेखन कराया जा रहा है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार शासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाईजर एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत के सचिव को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी अधिसूचित किया गया है। बाल विवाह संबंधी सूचना इन्हें दी जा सकती है। इनके अतिरिक्त चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 पर भी बाल विवाह होने की सूचना दी जा सकती है। सूचना प्रदाता की जानकारी गोपनीय रखी जाती है। जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु ग्राम पंचायतों द्वारा आयोजित ग्राम सभाओं में बाल विवाह निषेध प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए जा रहे हैं तथा ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प लिया जा रहा है।

## गौ तस्करी का पर्दाफाश, 180 गो वंश बरामद, कुत्रा पुलिस की कार्रवाई



**राजगांगपुर।** सुंदरगढ़ जिले के कुत्रा पुलिस ने अवैध गो तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 180 गो वंश को बरामद किया और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुरुवार रात एसएच नंबर 10 पर की गई। जब संदिग्ध वाहनों को कुतरा पुलिस ने रोककर जांच की। जानकारी के अनुसार गो वंश को अवैध रूप से संबलपुर जिले के झरिया बहाल हाट बन खरीद कर ला रहे थे, जिन्हे खटकुल बहाल की ओर ले जाया जा रहा थाए यहां से दूसरे राज्य की ओर ले जाया जाने की योजना थी, लेकिन पुलिस की तत्परता से पकड़े गए। बता दें की सुंदरगढ़ एसपी के निर्देश पर पुलिस पिछले कई दिनों से अवैध गो.परिवहन पर नजर रखे हुए थी जिससे इतनी बड़ी सफलता मिली।

